www.rajteachers.com

महात्मा गांधी



जन्म	2 अक्टूबर 1869 पोरबंदर, काठियावाड़, गुजरात, भारत
मृत्यु	30 जनवरी 1948 (78 वर्ष की आयु में) नई दिल्ली, भारत
मृत्यु का कारण	हत्या
राष्ट्रीयता	भारतीय
अन्य नाम	महात्मा गान्धी, बापु, गांधीजी
शिक्षा	युनिवर्सिटी कॉलिज, लंदन
प्रसिद्धि कारण	भारतीय स्वतंत्रता संग्राम
राजनैतिक पार्टी	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
धार्मिक मान्यता	हिन्दू
जीवनसाथी	कस्तूरबा गाँधी
बच्चे	हरिलाल, मणिलाल, रामदास, देवदास

हस्ताक्षर



मोहनदास करमचन्द गान्धी का जन्म पश्चिमी भारत में वर्तमान गुजरात के एक तटीय शहर पोरबंदर नामक स्थान पर 2 अक्टूबर सन् 1869 को हुआ था। उनके पिता करमचन्द गान्धी सनातन धर्म की **पंसारी** जाति से सम्बन्ध रखते थे और ब्रिटिश राज के समय काठियावाड़ की एक छोटी सी रियासत (पोरबंदर) के दीवान अर्थात् प्रधान मन्त्री थे। गुजराती भाषा में गान्धी का अर्थ है पंसारी । जबकि हिन्दी भाषा में गन्धी का अर्थ है इत्र फुलेल बेचने वाला जिसे अंग्रेजी में परफ्यूमर कहा जाता है। उनकी माता पुतलीबाई परनामी वैश्य समुदाय की थीं। पुतलीबाई करमचन्द की चौथी पत्नी थी। उनकी पहली तीन पत्नियाँ प्रसव के समय मर गयीं थीं। भक्ति करने वाली माता की देखरेख और उस क्षेत्र की जैन परम्पराओं के कारण युवा मोहनदास पर वे प्रभाव प्रारम्भ में ही पड़ गये थे जिन्होंने आगे चलकर उनके जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इन प्रभावों में शामिल थे दुर्बलों में जोश की भावना, शाकाहारी जीवन, आत्मशुद्धि के लिये उपवास तथा विभिन्न जातियों के लोगों के बीच सहिष्णुता।

30 जनवरी 1948, गांधी की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई जब वे नई दिल्ली के *बिड़ला भवन* (बिरला हाउस) के मैदान में रात चहलकदमी कर रहे थे। गांधी का हत्यारा नाथूराम गौड़से हिन्दू राष्ट्रवादी थे जिनके कट्टरपंथी हिंदु महासभा के साथ संबंध थे जिसने गांधी जी को पाकिस्तान को भुगतान करने के मुद्दे को लेकर भारत को कमजोर बनाने के लिए जिम्मेदार ठहराया था।

www.rajteachers.com